# राजस्थान विश्वविद्यालय में 'आत्मविश्वासपूर्ण संचारः शारीरिक शिक्षा में सफलता का आधार विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन

**खबरों की दुनिया**

जयपुर। शारीरिक शिक्षा विभाग एवं खेल बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'आत्मविश्वासपूर्ण संचारः शारीरिक शिक्षा में सफलता का आधार विषय पर गहन संवाद, मार्गदर्शन और विचार-मंथन संपन्न हुआ।

यह शैक्षणिक आयोजन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा के प्रेरणादायक नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

जिनके अनुसार आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शारीरिक दक्षता पर्याप्त नहीं, बल्कि प्रभावी और आत्मविश्वासपूर्ण संवाद ही एक खिलाड़ी, प्रशिक्षक या विद्यार्थी को सफलता के शिखर तक पहुंचा सकता है।

## संगोष्ठी का उद्देश्यः

इस दो दिवसीय संगोष्ठी का उद्देश्य प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास को सशक्त बनाना, शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में उभरते करियर विकल्पों से अवगत कराना। और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं, विशेषकर आरपीएससी साक्षात्कारों के लिए सुनियोजित रणनीतिक तैयारी उपलब्ध कराना रहा।






## उद्घाटन सत्र की मुख्य झलकियाँ

उद्घाटन समारोह के विशिष्ट अतिथि रहे प्रो. बी.एम. शर्मा (भूतपूर्व अध्यक्ष, राजस्थान लोक सेवा आयोग), जिन्होंने आत्मविश्वास और संचार कौशल को जीवन एवं करियर निर्माण की नींव बताया।

प्रमुख वक्ताओं में शामिल रहेः प्रो. शमशेर सिंह जंग बहादुर (पूर्व अधिष्ठाता, चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय) प्रो. रविन्द्र पाल अहलावत (केन्द्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा) डॉ. लक्ष्मीनारायण बेनीवाल (राजनीति विज्ञान, कॉलेज एजुकेशन) सभी वक्ताओं ने एकमत से कहा कि आत्मविश्वासपूर्ण संचार न केवल विचारों को स्पष्ट करने का माध्यम है, बल्कि यह नेतृत्व, टीम भावना और पेशेवर संबंधों के विकास में भी सहायक होता है।

## द्वितीय दिवस का विशेष आकर्षण

मुख्य अतिथि डॉ. नीरज के. पवन (आईएएस), अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद एवं शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार, ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के युवाओं को शारीरिक शिक्षा के साथ संवाद और रणनीतिक अभिव्यक्ति का संतुलन साधना आवश्यक है।

## मुख्य सत्रों में सम्मिलित रहे प्रतिष्ठित वक्ता

प्रो. महेन्द्र सिंह चुण्डावत, प्रो. संदीप तिवारी (प्राचार्य, IGIPES, दिल्ली विश्वविद्यालय) प्रो. जी.पी. शर्मा (केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय) प्रो. संध्या तिवारी (दिल्ली विश्वविद्यालय) इन विद्वानों ने अपने अनुभवों के आधार पर विद्यार्थियों का संवाद क्षमता, प्रस्तुति कौशल और सामाजिक सहभागिता के महत्व से अवगत कराया। प्रो. डॉ. ललित के. पवार, पूर्व भारतीय प्रशासनिक अधिकारी एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष द्वारा प्रतिभागियों के मॉक इंटरव्यू आयोजित करेंगे, जिसमें मुख्य साक्षात्कार की प्रभावी तैयारी तथा आवश्यक रणनीतियों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

## आयोजन संचालन में रही कुशल टीम

प्रो. सरीना कालिया, विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग, ने आयोजन की संकल्पना को सटीक कार्यरूप प्रदान किया। डॉ. प्रमोद सिंह, सचिव, खेल बोर्ड, ने विभागीय समन्वय को बनाए रखते हुए कार्यक्रम को कुशलता से संपन्न कराया। डॉ. हरबंस गोदारा, आयोजन सचिव, ने लॉजिस्टिक प्रबंधन से लेकर अतिथियों के सत्कार तक हर पहलू को सजगता से संभाला।